भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

दिनॉक 23 जुलाई, 2022

प्रेस विज्ञप्तिः—

राजस्थान के भरतपुर में अवैध रूप से पहाड़ियों के खनन को बंद करने के लिए संत विजयदास के नेतृत्व में पिछले 551 दिनों से धरना एवं आन्दोलन चल रहा था, प्रदेश सरकार एवं प्रशासन की निष्क्रियता के कारण 20 जुलाई, 2022 को संत विजयदास जी ने आत्मदाह किया और आज 23 जुलाई, 2022 को उनकी मृत्यु हो गयी।

पार्टी के **राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जगत प्रकाश नड्डा जी** ने इस घटना एवं संत विजयदास जी की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा इस संबंध में पार्टी की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति भरतपुर जाकर घटना स्थल का दौरा करके जानकारी एकत्रित करेगी तथा शीघ्र रिपोर्ट माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सौंपेगी।

समिति के सदस्य निम्नलिखित हैंः—

1. श्री अरूण सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री, सांसद
2. स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती, सांसद सीकर राजस्थान
3. श्री सत्यपाल सिंह, सांसद, एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री
4. श्री बृजलाल, सांसद एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

(महेन्द्र कुमार पाण्डेय)
केन्द्रीय कार्यालय सचिव

6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110 002, दूरभाष : 011-23500000 फैक्स : 011-23500190

6-A, Deendayal Upadhyay Marg, New Delhi-110 002, Phone : 011-23500000 Fax : 011-23500190